(c) On the basis of the information available a total uumber of 129 deaths have occurred after sterilisation operations.

भारतीय खाद्य निगम द्वारा आयातित खाद्यान्न में परिवहन के दौरान गोलमाल

2372. **श्री चन्द्रिका प्रसाद :** क्या **कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय खाद्य निगम विदेशों से आयातित माल को बन्दरगाहों से लेकर देश के प्रत्येक स्थान तक गाड़ियों द्वारा भेजता है।

(ख) क्या प्रादेशिक कर्मचारी माल के मार्ग में क्षतिग्रस्त होने का बहाना लेकर करोड़ों रुपये के माल का गोलमाल करते हैं ; और

(ग) इस गोलमाल को रोकने के लिये भारतीय खाद्य निगम क्या कदम उठा रहा है ?

कृषि मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे) : (क) भारत सरकार के हैंडलिंग एजेन्ट के रूप में भारतीय खाद्य निगम सरकारी खाते में आयात किये गए खाद्यान्नों, उर्वरकों, उपहार प्रेषणों तथा अन्य वस्तुओं को रेल द्वारा भेजने की व्यवस्था करता है।

(ख) जी नहीं। स्थापित कार्यविधि के अनुसार मार्ग में हुई हानि अथवा क्षति की जांच की जाती है और तदनुसार दावे किये जाते हैं।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

पटना से गाजीपुर तक अन्तर्राज्यीय जलपरिवहन सेवा के कारण रोजगार

2373. **श्री चन्द्रिका प्रसाद :** क्या **नौवहन और परिवहन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) यह कहां तक सत्य है कि जब पटना से गाजीपुर तक अन्तर्राज्यीय जल परिवहन सेवा आरम्भ हुई थी तो यह शंका हुई कि प्रारम्भ में पर्याप्त माल यातायात नहीं मिलेगा; और

(ख) विभाग में इस योजना के आरम्भ किये जाने से पूर्व कितने कर्मचारी बेकार थे और उनमें से अब तक कितने कर्मचारियों को काम पर लगा दिया गया है ?

संसदीय कार्य तथा नौवहन और परिवहन मन्त्री (श्री राज बहादुर) : (क) गंगा नदी पर पटना और गाजीपुर के बीच नदी सेवा चालू करने से पूर्व सरकार द्वारा किये गये क्षेत्रीय यातायात सर्वेक्षण से पता चला कि यद्यपि पर्याप्त यातायात की संभावना मौजूद थी तथापि परिचालन के शुरू शुरू में संभवतः यातायात कम रहा। यह देखा गया है कि सेवा के परिचालन के पहले दो महीनों में यातायात बाद के दो महीनों के यातायात से बहुत कम था।

(ख) इस योजना के चालू होने से पहले 81 कर्मचारियों की सेवाओं का पूर्ण उपयोग नहीं किया गया था, अब उनकी सेवाओं का पूर्ण रूप से उपयोग किया जा रहा है।

पटना और गाजीपुर के बीच आरम्भ की गई जल-परिवहन सेवा को इलाहाबाद तक बढ़ाना

2374. **श्री चन्द्रिका प्रसाद :** क्या **नौवहन और परिवहन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पटना और गाजीपुर के बीच आरम्भ की गई जल-परिवहन सेवा को इलाहाबाद तक बढ़ाने की मांग जनता द्वारा की गई है ;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने चुनार से पत्थर लाने के लिए 1972 में प्रतिदिन 25 नौकाएं 6 मास तक देने की मांग की है ; और

(ग) यदि हां, तो इस पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?